दैनिक जागरण 28/09/2025

# जीएमएन कालेज में राजस्थान के लोकनृत्य कालबेलिया ने मोहा सबका मन

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज छावनी में संगीत (वोकल) एवं संगीत (इंस्ट्रूमेंटल) विभागों द्वारा एसपीआईसीमैके के सहयोग से राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभागार में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में राजस्थान के पारंपरिक लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जीएमएन कालेज में राजस्थानी नाच की प्रस्तुति देते हुए। • सौजन्य स्वयं।



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान। सौजन्य स्वयं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात राजस्थान के लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक नृत्य शैलियों की शानदार झलक प्रस्तुत की। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें लोक कलाओं और परंपराओं में निहित हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल सांस्कृतिक विविधताओं से जोड़ते हैं, बल्कि उनमें अपनी विरासत के प्रति गर्व और सम्मान का भाव भी जगाते हैं। सिपक मैके के कार्यक्रम आयोजक सुमित तनेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के मंच संचालन का दायित्व डा. अमित एवं डा. मंजीत कौर ने बड़ी गरिमा और प्रभावशाली शैली में निभाया। इंचार्ज डा. चंद्रपाल पूनिया के साथ टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। कलाकारों के कालबेलिया डांस ने दर्शकों का मन मोह लिया। राजस्थानी परिधान में लोगों का मन मोह लिया।